अध्याय 4

# महाजनपद, मगध राज्य का उत्कर्ष एवं छठी शती ई.पू. -राजनीतिक दशा

**1. छठी सदी ईसा पूर्व के दौरान बड़ेराज्यों के उदय का मुख्य कारण था?**

(a) उत्तरप्रदेश और बिहार में व्यापक पैमाने पर लोहे का उपयोग।

(b) जनजातीय समाज में अधिक व्यवस्थित जीवन का मार्ग प्रशस्त किया।

(c) व्यापार एवं वाणिज्य का उल्लेखनीय विकास।

(d) इनमें से कोई नहीं

उतर - (a)

**2. महाजनपद काल में श्रेणियों के संचालक को कहा जाता था**

(a) श्रेष्ठिन (b) सेठ

(c) जेट्रक (d) कोई नहीं

उतर - (a)

**3. निम्नलिखित में से कौनसी बौद्धकालीन 6 महानगरियों में शामिल है-**

(a) चम्पा (b) राजगृह

(c) श्रावस्ती (d) उपर्युक्त सभी

उतर - (d)

**4. निम्न में से किन ग्रन्थों में प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों (षोड्श महाजनपद) की सूची मिलती है? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

1. अर्थशास्त्र 2. अंगुत्तर निकाय

3. दीर्घ निकाय 4. भगवती सूत्र

**कूट :-**

(a) 2 और 4 (b) 2, 3 और 4

(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

उतर - (a)

**5. महाभारत के अनुसार उत्तरी पांचाल की राजधानी स्थित थी-**

(a) हंस्तिनापुर में (b) इंद्रप्रस्थ में

(c) अहिच्छत्र में (d) मथुरा में

उतर - (c)

**6. ईसा पूर्व छठी सदी में विश्व की प्रथम गणतंत्रात्मक व्यवस्था कहां थी?**

(a) वैशाली (b) एथेन्स

(c) स्पार्टा (d) पाटलिपुत्र

उतर - (a)

**7. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I ( महाजनपद) | सूची - II ( आधुनिक क्षेत्र ) |
|---|---|
| (a) मगध | (i) पटना व गया के जिले |
| (b) वत्स | (ii) इलाहाबाद |
| (c) कोसल | (iii) अवध |
| (d) अयंति | (iv) मालवा |

**सही उत्तर क्रमांक है-**

(a) i ii iii iv (b)i ii iv iii

(c) ii i iii iv (d)ii i iv iii

उतर - (a)

**8. कौटिल्य ने किस महाजनपद को 'वार्ताशस्त्रोपजीवी संघ' कहा है?**

(a) मगध (b) कम्बोज

(c) पांचाल (d) गन्धार

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**9. वज्जि सभा के विरूद्ध मगध राज्य के किस शासक ने प्रथम बार 'रथमूलक' (एक ऐसा रथ जिसमें गदा जैसा हथियार जुड़ा था) तथा 'महाशिलाकण्टक' (पत्थर फेंकने वाला एक युद्ध यंत्र ) नामक गुप्त हथियारों का प्रयोग किया?**

(a) अजातशत्रु (b) चन्द्रगुप्त मौर्य

(c) कालाशोक (d) उदायिन

उतर - (a)

**10. अभिलेखीय साक्ष्य से प्रकट होता है कि नंद राजा के आदेश से एक नहर खोदी गई थी-**

(a) अंग में (b) बंग में

(c) कलिंग में (d) मगध में

उत्तर - (c)

**11. निम्नलिखित में से मगध का कौनसा राजा सिकंदर महान के समकालीन था ?**

(a) महपद्मनंद (b) घनानंद

(c) सुकल्प (d) चन्द्रगुप्त मौर्य

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**12. भारत में सिक्कों/मुद्रा का प्रचलन कब हुआ?**

(a) अशोक के शासनकाल में

(b) कनिष्क के शासनकाल में

(c) 600 ई.पू. में

(d) 300 ई.पू. में

उत्तर - (c)

**13. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

सूची-I सूची -II

(a) अष्टकुलक (i) परामर्शदायी संस्था

(b) महामात्र (ii) उच्च कोटि के अधिकारी,

(c) यलिसाधक

(iii) किसानों से कर वसूलने वाला अधिकारी

(d) शौल्किक / शुल्काध्यक्ष

(iv) शिल्पियों व व्यापारियों से शुल्क या चुंगी वसूलने वाला अधिकारी

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) ii i iii iv

(c) i ii iv iii (d) ii iii i iv

उत्तर - (a)

**14. निम्न राजाओं पर विचार कीजिए-**

1. अजातशत्रु 2. बिन्दुसार

3. प्रसेनजित

**इनमें से कौन-कौन बुद्ध के समकालीन थे-**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

उत्तर - (c)

**15. प्रारम्भिक गणतंत्र में कौनसा नहीं था?**

(a) शाक्य (b) लिच्छवी

(c) यौधेय (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (c)

**16. युद्ध भूमि में बड़ी संख्या में सैनिकों के मारे जाने अथवा आहत हो जाने के बाद किस भारतीय गण अथवा राज्य की स्त्रियों ने सिकंदर के विरुद्ध शस्त्र धारण किया था?**

(a) अभिसार (b) ग्लउसाइ

(c) कठ (d) मस्सग

उत्तर - (d)

**17. नंद वंश के पश्चात् मगध पर किस राजवंश ने शासन किया?**

(a) मौर्य (b) शुंग

(c) गुप्त (d) कुपाण

उत्तर - (a)

**18. निम्नलिखित में से कौनसा ईसा पूर्व छठी शताब्दी में भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली राज्य था-**

(a) गांधार (b) कंयोज

(c) काशी (d) मगध

उत्तर - (d)

**19. विश्व का पहला गणतंत्र वैशाली में किसके द्वारा स्थापित किया गया-**

(a) मौर्य (b) नंद

(c) गुप्त (d) लिच्छवि

उत्तर - (d)

**20. नंद वंश का अंतिम सम्राट कौन था?**

(a) महापद्मनंद (b) घनानंद

(c) कालाशोक (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**21. सूची-I एवं सूची -II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (उ.प्र. के अधीन जनपद) | सूची -II (राजधानी ) |
|---|---|
| A. कुरु | 1. साकेत |
| B. पांचाल | 2. कौशाम्बी |
| C. कोशल | 3. अहिच्छत्र |
| D. वत्स | 4. इंद्रप्रस्थ |

कूट- A B C D

(a) 1 2 3 4 (b) 4 3 I 2

(c) 3 4 2 1 (d) 4 2 3 1

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**22. निम्नलिखित में से कौन शेष अन्य के बाद तक जीवित रहा?**

(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु

(c) देवदत्त (d) गौतम बुद्ध

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**23. महाभारत व पुराणों में अंग की राजधानी चम्पा का क्या नाम मिलता है?**

(a) मालिनी (b) श्रावस्ती

(c) कौशाम्बी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उतर - (a)

**24. कथन (a) :** विश्व के सभी भागों में ईस्वी पूर्व छठवीं शताब्दी एक महान धार्मिक उथल-पुथल का काल था ।

**कारण (R) :** वैदिक धर्म बहुत जटिल हो चुका था ।

उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सही है?

(a) (a) और (R) दोनों सही है।

(b) (a) और (R) दोनों ग़लत है।

(c) (a) सही है किन्तु (R) गलत है ।

(d) (a) गलत है किन्तु (R) सही है ।

उतर - (a)

**25 महाजनपद काल में व्यापार की वृद्धि हेतु किस प्रकार का संस्कार सम्पन्न किया जाता था ?**

(a) उपनयन संस्कार

(b) पण्यसिद्धि संस्कार

(c) सीमान्तोनयन संस्कार

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**26. निम्नलिखित महाजनपदों में से कौनसा महाजनपद वर्तमान पाकिस्तान में स्थित था?**

(a) गांधार (b) अवन्ति

(c) मल्ल (d) वज्जि

उतर - (a)

**27. प्राचीनकाल में किस महाजनपद में यदु (यादव) वंश का शासन था?**

(a) शूरसेन (b) कुरू

(c) पांचाल (d) मगध

उतर - (a)

**28. छठवीं शताब्दी ई. पू. में शुक्तिमती राजधानी थी-**

(a) पांचाल की (b) कुरु की

(c) चेदि की (d) अवंति की

उतर - (c)

**29. निम्नलिखित में से 16 महाजनपदों में उल्लिखित 2 गणतंत्रात्मक राज्य कौनसे हैं ?**

(a) मत्स्य, शूरसेन (b) वजि, मल्ल

(c) पांचाल, कौशल (d) मगध, अंग

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**30. निम्नलिखित में से किस शताब्दी में गंगाघाटी में 'द्वितीय नगरीकरण' का अविर्भाव हुआ-**

(a) छठी शताब्दी ई. पू. (b) चौथी शताब्दी ई. पू.

(c) 7 वीं शताब्दी ई.पू. (d) 8 वीं शताब्दी ई.पू.

उतर - (a)

**31. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (महाजनपद) | सूची -II (राजधानी) |
|---|---|
| (a) गंधार | (i) मथुरा |
| (b) शूरसेन | (ii) कौशाम्बी |
| (c) वत्स | (iii) श्रावस्ती |
| (d) कोसल | (iv) तक्षशिला |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) iv i ii iii (b) i ii iii iv

(c) iv i iii ii (d) iv iii ii i

उतर - (a)

**32. सोलह महाजनपदों के युग में मथुरा इनमें से किसकी राजधानी थी?**

(a) यज्जि (b) वत्स

(c) काशी (d) शूरसेन

उत्तर - (d)

**33. गोदावरी नदी के तट पर स्थित महाजनपद था-**

(a) अवंति (b) वत्स

(c) अश्मक (d) कम्बोज

उत्तर - (c)

**34. छठी शताब्दी ईसा पूर्व के 16 महाजनपदों के विषय में निम्नलिखित में से किस बौद्ध ग्रन्थ में सूचना मिलती है?**

(a) दीर्घ निकाय (b) त्रिपिटक

(c) दीपवंश (d) अंगुत्तर निकाय

उत्तर - (d)

**35. मालवा क्षेत्र पर मगध की सत्ता का विस्तार निम्न में से किसके शासन काल में हुआ था?**

(a) बिंबिसार के (b) अजातशत्रु के

(c) उदयभद्र के (d) शिशुनाग के

उत्तर - (d)

**36. मगध का कौनसा सम्राट अपरोपरशुराम के नाम से जाना जाता है?**

(a) बिंदुसार (b) अजातशत्रु

(c) कालाशोक (d) महापद्मनंद

उत्तर - (d)

**37. भारत में सिकंदर की सफलता निम्न करणों से थी-**

1. उस समय भारत में कोई केन्द्रीय सत्ता नहीं थी।

2. उसकी फौज बेहतर थी।

3. उसे देशद्रोही शासकों की सहायता मिली।

4. वह एक अच्छा प्रशासक था।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3

(c) 2, 3 तथा 4 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (d)

**38. मगध सम्राट बिम्बिसार ने अपने राजवैद्य जीवक को किस राज्य के राजा की चिकित्सा के लिए भेजा था ?**

(a) कोसल (b) अंग

(c) अवंति (d) कोई नहीं

उत्तर - (c)

**39. 'गृहपति' का अर्थ-**

(a) धनी किसान (b) धनी व्यापारी

(c) धनी व्यक्ति (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (a)

**40. शिशुनागं ने किस राज्य का विलय मगध साम्राज्य में नहीं किया?**

(a) अवंति (b) वत्स

(c) कोसल (d) काशी

उत्तर - (d)

**41. उदायिन - वासदत्ता की दंतकथा संबंधित है-**

(a) उज्जैन से (b) मथुरा से

(c) महिष्मती से (d) कौशाम्बी से

उत्तर - (a)

**42. मगध की प्रारंभिक राजधानी कौनसी थी ?**

(a) पाटलिपुत्र (b) वैशाली

(c) राजगृह (गिरिव्रज) (d) चम्पा

उत्तर - (c)

**43. सिकंदर के हमले के समय उत्तर भारत पर निम्नलिखित राजवंशों में से किस एक का शासन था ?**

(a) नंद (b) मौर्य

(c) शुंग (d) कण्व

उत्तर - (a)

**44. निम्नलिखित में से किस राज्य में गणतंत्रात्मक शासन व्यवस्था नहीं थी?**

(a) कपिलवस्तु के शाक्य (b) कुशीनगर के मल्ल

(c) वैशाली के लिच्छवी (d) मगध

उत्तर - (d)

**45. बिम्बिसार ने अपने पुत्र अजातशत्रु को कहाँ का उपराजा बनाया था?**

(a) चंपा (b) काशी

(c) कौशल (d) वैशाली

उत्तर - (a)

**46. राजा नंद के उल्लेख का अभिलेखीय प्रमाण है-**

(a) खारवेल का हाथी गुम्फा अभिलेख

(b) रुम्मिनदेई स्तंभ अभिलेख

(c) रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख

(d) धनदेव का अयोध्या अभिलेख

उत्तर - (a)

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

कथन (a) : लगभग दो वर्ष के अभियान के पश्चात् सिकंदर महान ने 325 ई. पू. में भारत छोड़ दिया।

कारण (R) : वह चन्द्रगुप्त मौर्य से पराजित हुआ था ।

**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन एक सही है?**

(a) (a) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही स्पष्टीकरण है (a) का ।

(b) (a) और (R) दोनों सही है किंतु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है (a) का ।

(c) (a) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (a) गलत है किन्तु (R) सही है ।

उत्तर - (c)

**48. मगध के राजा अजातशत्रु का सदैव किस गणराज्य के साथ युद्ध रहा?**

(a) वज्जि संघ (वैशाली) (b) पंचाल

(c) दोनों के साथ (d) किसी के साथ नहीं

उत्तर - (a)

**49. काशी और लिच्छवी का विलय मगध साम्राज्य में किसने किया-**

(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु

(c) उदायिन (d) शिशुनाग

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**50. मगध साम्राज्य के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(a) पुराणों एवं महाकाव्यों के अनुसार इसकी स्थापना वृहद्रथ ने की

(b) महापद्मनंद ने इसे सर्वाधिक विस्तार प्रदान किया तथा ‹सर्वक्षत्रांतक› (क्षत्रियों का अंत करने वाला) एवं ‹इकराट› की उपाधि धारण की

(c) गिरिव्रज, राजगृह, पाटलिपुत्र एवं वैशाली क्रमशः इसकी चार राजधानियाँ बनीं

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (d)

**51. किस प्रकार का मृद्भाण्ड (पॉटरी ) भारत में द्वितीय नगरीकरण/ शहरीकरण के प्रारम्भ का प्रतीक माना गया?**

(a) काले और लाल बर्तन (BEW)

(b) चित्रित धूसर मृदभांड (PGW)

(c) उत्तरी काले पॉलिशकृत बर्तन (NBPW)

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**52. मगध के किस प्रारंभिक शासक ने राज्यारोहण के लिए अपने पिता की हत्या की एवं स्वयं इसी कारणवश अपने पुत्र द्वारा मारा गया?**

(a) बिंबिसार (b) अजातशत्रु

(c) उदायिन (d) नागदशक

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**53. उस वीर भारतीय राजा का नाम बताइए जिसे सिकंदर ने झेलम नदी के तट पर पराजित किया था?**

(a) आम्भि (b) पुरु (पोरस)

(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**54. निम्नलिखित में से कौन सिकंदर के साथ भारत में नहीं आया था?**

(a) नियार्कस (b) आनोसिक्रिटस

(c) डाइमेसक (d) अरिस्टोव्यूलस

उत्तर - (c)

**55. शिशुनाग वंश का कौनसा शासक था, जिसके समय में वैशाली में द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया, उसे ‘काकवर्ण’ के नाम से भी जाना जाता था ?**

(a) शिशुनाग (b) नंदिवर्धन

(c) कालाशोक (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**56. निम्नलिखित में से किसे 'सेनिया' (नियमित और स्थायी सेना रखने वाला) कहा जाता था?**

(a) बिम्बिसार (b) अजातशत्रु
(c) उदायिन (d) शिशुनाग

उत्तर - (a)

**57. सिकंदर महान एवं पोरस / पुरु की सेनाओं ने निम्नलिखित में से किस नदी के आमने-सामने वाले तटों पर पड़ाव डाला हुआ था?**

(a) रावी के (b) झेलम के
(c) सतलज के (d) चिनाव के

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**58. पालि ग्रंथों में गाँव के मुखिया को क्या कहा गया है?**

(a) ग्रामक (b) भोजक / ग्राम भोजक
(c) जेष्ठक (d) ग्रामपति

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**59. सिकंदर ने भारत पर कब आक्रमण किया?**

(a) 326 ई.पू. (b) 326 ई.
(c) 323 ई.पू. (d) 323 ई.

उत्तर - (a)

**60. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (शासक) | सूची -II (वंश) |
|---|---|
| (a) बिम्बिसार | (i) हर्यक |
| (b) कालाशोक | (ii) शिशुनाग |
| (c) महापद्मनंद | (iii) मौर्य |
| (d) बिन्दुसार | (iv) नंद |

**सही उत्तर क्रमांक है- A B C D**

(a) i ii iii iv (b) i ii iv iii
(c) i iv iii ii (d) i iii iv ii

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**61. भारत के प्राचीनतम प्राप्त सिक्के-**

(a) तांबे के थे (b) सोने के थे
(c) रांगा के थे (d) चांदी के थे

उत्तर - (d)

**62. उज्जैन का प्राचीनकाल में नाम क्या था?**

(a) तक्षशिला (b) इन्द्रप्रस्थ
(c) अवंतिका (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (c)

**63. प्राचीन भारत में दूसरा विदेशी आक्रमण एवं पहला यूरोपीय आक्रमण किनके द्वारा किया गया?**

(a) ईरानियों द्वारा (b) यूनानियों द्वारा
(c) शकों द्वारा (d) कोई नहीं

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**64. डेरियस - I ने 516 B. C. में सिंधु के तटवर्ती भू-भाग को जीतकर उसे ईरान का 20वाँ क्षत्रपी (प्रांत) बनाया, उससे कितना राजस्व प्राप्त होता था ?**

(a) 360 टैलेन्ट (b) 300 टैलेन्ट
(c) 260 टैलेन्ट (d) 240 टैलेन्ट

उत्तर - (a)

**65. अजातशत्रु के वंश का नाम क्या था?**

(a) मौर्य (b) हर्यक
(c) नंद (d) गुप्त

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**66. गौतम बुद्ध के समय का प्रसिद्ध वैद्य जीवक किसके दरबार सेसंबंधित था ?**

(a) बिंबिसार (b) चंड प्रद्योत
(c) प्रसेनजित (d) उदायिन

उत्तर - (a)

**67. प्राचीन श्रावस्ती का नगर विन्यास किस आकृति का है?**

(a) वृत्ताकार (b) अर्धचन्द्रकार
(c) त्रिभुजाकार (d) आयताकार

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**68. निम्न मगध राजाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

1. नंद वंश 2. शुंग वंश
3. मौर्य वंश 4. हर्यक वंश

**उत्तर निम्न कूटों में से चुनिए-**

(a) 2, 1, 4 एवं 3 (b) 4, 1, 3 एवं 2
(c) 3, 2, 1 एवं 4 (d) 1, 3, 4 एवं 2

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**69. काल्पी नगर किस नदी के तट पर स्थित है?**

(a) गंगा (b) यमुना
(c) नर्मदा (d) कृष्णा

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**70. ईरान के हखमनी वंश के किस शासक ने भारतीय भू-भाग को जीतने के बाद उसे फारस साम्राज्य का 20वाँ प्रांत ( क्षत्रपी) बनाया?**

(a) साइरस (b) डेरियस / दारयबाहु - I
(c) जेरसिस / क्षयार्ष (d) कोई नहीं

उतर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**71. हाइडेस्पीज या वितस्ता (आधुनिक नाम -झेलम) का युद्ध (326 B. C.) किन-किन शासकों के बीच हुआ?**

(a) सिकंदर एवं पोरस के मध्य
(b) सेल्यूकस एवं चन्द्रगुप्त मौर्य के मध्य
(c) चंद्रगुप्त मौर्य एवं घननंद के मध्य
(d) कोई नहीं

उतर - (a)

**72. निम्नलिखित में से किसे 'उग्रसेन' (भयानक सेना का स्वामी) कहा जाता था ?**

(a) महापद्मनंद (b) घनानंद
(c) शिशुनाग (d) बिम्बिसार

उतर - (a)

**73. सूची - I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (राजा) | सूची - II ( राज्य ) |
|---|---|
| A. प्रद्योत | 1. मगध |
| B. उदयन | 2. वत्स |
| C प्रसेनजित | 3. अवंति |
| D. अजातशत्रु | 4. कोसल |

**कूट- A B C D**

(a) 1 2 3 4 (b) 4 3 2 1
(c) 3 2 4 1 (d) 4 1 3 2

उतर - (c)

**74. निम्न में से कौनसा युग्म उपयुक्त जोड़ी है?**

(a) पार्श्वनाथ - जनत्रिका
(b) बिन्दुसार - शाक्य
(c) स्कन्दगुप्त मौर्य
(d) चेटक- लिच्छवी

उतर - (d)

**75. निम्नलिखित में से कौन-कौन से भारत पर ईरानी आक्रमण के प्रभाव के रूप में माना जाता है?**

1. खरोष्ठी लिपि का प्रचार
2. अभिलेख उत्कीर्ण करने की कला का प्रचार
3. ईरानियों की क्षत्रप प्रणाली का प्रचार
4. घंटा आकार के गुंबज की कला का प्रचार
5. स्त्री अंग - रक्षकों की नियुक्ति

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3, 5
(c) 1, 3, 4, 5 (d) उक्त सभी

उतर - (d)

**76. निम्नलिखित में से कौनसा एक सिंकदर के आक्रमण का प्रभाव नहीं था?**

(a) इस आक्रमण ने भारत और यूनान के बीच प्रत्यक्ष सम्पर्क स्थापित करवाया
(b) इस आक्रमण ने पश्चिमोत्तर भारत में यूनानियों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया
(c) सिकंदर अनेक उपनिवेशों की स्थापना के लिए उत्तरदायी था
(d) उसने भारत को यूनान की रियासत बनाया

उतर - (d)

**77. किस शासक ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नामक नगर की स्थापना की?**

(a) अजातशत्रु (b) उदायिन

(c) अशोक (d) घनानंद

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**78. 323 ई. पू. में सिकंदर महान् की मृत्यु हुई थी?**

(a) फारस में (b) बेबीलोन में

(c) मेसीडोनिया में (d) तक्षशिला में

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**79. निम्न को सही सुमेलित करें-**

| सूची-I (शासक) | सूची - II (उपनाम) |
|---|---|
| A. बिम्बिसार | 1. श्रेणिक |
| B. अजातशत्रु | 2. कुणिक |
| C. कालाशोक | 3. काकवर्ण |
| D. घनानन्द | 4. अग्रमीज |

**कूट- A B C D**

(a) 1 3 4 2 (b) 1 2 3 4

(c) 2 4 1 3 (d) 4 3 2 1

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**80. ग्रीक / यूनानी लेखकों द्वारा किसे 'अग्रमीज' / जैन्ड्रमीज' कहा गया?**

(a) अजातशत्रु (b) कालाशोक

(c) महापद्मनंद (d) घनानंद

उत्तर - (d)

**81. प्राचीन भारत में पहला विदेशी आक्रमण किनके द्वारा किया गया?**

(a) ईरानियों द्वारा (b) यूनानियों द्वारा

(c) शकों द्वारा (d) कोई नहीं

उत्तर - (a)

**82. प्रथम मगध साम्राज्य का उत्कर्ष किस शताब्दी में हुआ था ?**

(a) ई.पू. चौथी शताब्दी (b) ई.पू. छठवी शताब्दी

(c) ई.पू. दूसरी शताब्दी (d) ई. पू. पहली शताब्दी

उत्तर - (b)

Free PDF - www.prepebooks.com/

**83. निम्नलिखित में से कौन एक मगध साम्राज्य की राजधानी नहीं रहा?**

(a) गिरिव्रज (b) राजगृह

(c) पाटलिपुत्र (d) कौशाम्बी

उत्तर - (d)